पत्र संख्या–1/स्था0 (8) 829/2017–....................../

बिहार सरकार

डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

प्रेषक,

जीतेन्द्र कुमार मिश्रा,

सरकार के अवर सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं ह0),

बिहार, पटना।

प्रभारी पदाधिकारी,

वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग,

बिहार, पटना।

पटना–15, दिनांक–   /2026

विषय :– **डॉ0 हिमांशु भूषण, उप निदेशक (चारा), वृहत पशु विकास परियोजना (मु0स्तर), छपरा–सिवान, छपरा का दिनांक–17.11.2025 से 19.12.2025 तक पदस्थापन की प्रतीक्षा में बिताई गई अवधि का सेवा विनियमन किये जाने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि डॉ0 हिमांशु भूषण, (बिहार पशु चिकित्सा सेवा), आप्त सचिव, उप मुख्य सचेतक, सत्तारूढ़ दल, बिहार विधान सभा के द्वारा दिनांक–17.11.2025 के पूर्वाह्न में आप्त सचिव का स्वतः पदभार त्याग करते हुये पदस्थापन की प्रतीक्षा में दिनांक–17.11.2025 के पूर्वाह्न में विभाग में योगदान समर्पित किया गया।

2. विभागीय अधिसूचना संख्या–5228–सह–पठित ज्ञापांक–5230, दिनांक–19.12.2025 के द्वारा डॉ0 हिमांशु भूषण, सम्प्रति पदस्थापन की प्रतीक्षा में, को अगले आदेश तक अपने ही कोटि वेतनमान में उप निदेशक (चारा), वृहत पशु विकास परियोजना (मु0स्तर), छपरा–सिवान, छपरा के पद पर पदस्थापित किया गया।

3. उक्त के आलोक में डॉ0 भूषण के द्वारा दिनांक–20.12.2025 के पूर्वाह्न में उप निदेशक (चारा), वृहत पशु विकास परियोजना (मु0स्तर), छपरा–सिवान, छपरा के पद का प्रभार ग्रहण किया गया।

4. इस प्रकार डॉ0 भूषण दिनांक–17.11.2025 से 19.12.2025 तक कुल 33 (तैंतीस) दिनों तक पदस्थापन की प्रतीक्षा में रहे।

5. अतएव उक्त के आलोक में डॉ0 हिमांशु भूषण, उप निदेशक (चारा), वृहत पशु विकास परियोजना (मु0स्तर), छपरा–सिवान, छपरा का दिनांक–17.11.2025 से 19.12.2025 तक कुल 33 (तैंतीस) दिनों के प्रभार रहित अवधि को अनिवार्य पदस्थापन की प्रतीक्षा की अवधि के रूप में विनियमित किया जाता है।

6. प्रस्ताव एवं प्रारूप पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह0/–

सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक–1/स्था0 (8) 829/2017–......................../पटना–15, दिनांक–................../2026

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना/निदेशक, पशुपालन, बिहार, पटना/ डॉ0 हिमांशु भूषण, उप निदेशक (चारा), वृहत पशु विकास परियोजना (मु0स्तर), छपरा–सिवान, छपरा/ संबंधित कोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक–1/स्था0 (8) 829/2017–....824..../पटना–15, दिनांक–...16/02/2026

प्रतिलिपिः–विभागीय आई0टी0 मैनेजर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

सरकार के अवर सचिव।